wagadsandesh.com

Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-38 सागवाड़ा, शनिवार,2 अक्टूबर, 2021 अवधिः हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## सरकार की गाइड लाइन के अनुसार ही मनाए त्योहार

**सीमलवाड़ा।** कोरोना महामारी की संभावित तीसरी लहर के चलते सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन अनुसार त्योहार मनाने के निर्देश दिए हैं। सीमलवाड़ा पुलिस चौकी में पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान, धम्बोला सीआई भैयालाल आंजना, कुंआ थानाधिकारी भानु प्रताप सिंह, सीमलवाडा चौकी प्रभारी एएसआई गोविंद सिंह के सानिध्य में सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपाधीक्षक रामेश्वर लाल चौहान ने सरकार की गाइडलाइन अनुसार किसी भी ऐसे आयोजन नहीं करने के सख्त निर्देश दिए जहां पर भीड़ भाड़ होने से कोरोना संक्रमण का खतरा हो सकता हूं। वहीं कस्बे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सोमवार से शुरू करने की जानकारी दी। कहा कि इससे पहले भी दो बार सूचना जारी करवा दी गई है, रविवार को अंतिम सूचना जारी कर दी जाएगी। वहीं थ्री व्हीलर टेंपो स्टेंड के लिए नई भूमि प्रस्तावित की जा रही है। रास्ता पाल सरपंच संजय कलासुआ ने पूरे क्षेत्र में शाम के समय प्रभावी गस्त को नियमित करने की मांग की। वही कहा कि क्षेत्र में पावर बाइकों का काफी आतंक मचा रखा है, राह चलते लोगों से छेड़छाड़, लूटमार आम बात हो गई। कुंदन सिंह चौहान ने कस्बे में जगह-जगह पर लॉनिंग के नाम पर माइक्रोफाइनेंस के ऑफिस खुले हुए हैं उनकी जांच करने की मांग की है। भेसला के कांतिलाल ने मांडली चौकी शुरू कर जाब्ता तैनात करने की मांग की। उक्त बैठक में पंसस महेन्द भगोरा, मुश्ताक़ अहमद पठान, उप सरपंच परेश पाटीदार , कुंदन सिंह चौहान, गटू लाल चाडोली, नूर आलम मकरानी, जगदीश पंड्या, सरपंच संजय कलासुआ, कांति लाल, युसूफ शेख, जयेश वसीटा,हेमंत दर्जी, कालू डामोर मेदला, पृथ्वीनाई, सुनील दर्जी हसमुख पडियार,रमण डामोर, रणवीर सिंह,सागर मल दर्जी समेत कई मौजूद रहे।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई

**डूंगरपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती आज डूंगरपुर जिलेभर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। इस मौके पर जिला प्रशासन व सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम में जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, एसपी सुधीर जोशी व पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा और अन्य नेताओं ने कलेक्ट्रेट में स्थित गांधी प्रतिमा को माला पहनाते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन किया। इधर इस मौके पर अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी गांधी प्रतिमा को पुष्पअर्पित करते हुए उन्हे नमन किया। वहीं पुष्पांजलि कार्यक्रम के बाद सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ वही बापू के प्रिय भजनों व रामधुन का भी गायन किया गया। इस मौके पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश में अनेकता में एकता का सपना देखा था ओर देश की आजादी की लड़ाई लड़ी। गांधीजी हमेशा ही अहिंसा के मार्ग पर चले ओर सत्य के मार्ग पर चले।

# प्रशासन गांवों के संग अभियान का बहिष्कार, पटवारी, गिरदावर और तहसीलदारों ने किया प्रदर्शन, राजस्व से जुड़े काम अटकें

## सरपंच व वीडीओ काम पर लौटे

**डूंगरपुर।** प्रशासन शहरों व गांवों के संग अभियान शनिवार से शुरु हो गया। अभियान के पहले दिन सरपंच और वीडीओ काम पर लौट आए लेकिन राजस्व सेवा के अधिकारी पटवारी, गिरदावर और तहसीलदार बहिष्कार पर उतर गए है। शिविर का मुख्य उद्देश्य पट्टा आवंटन, बंटवारा, नियमन, भूमि आवंटन, नामांतरण जैसे कार्य राजस्व सेवा के अधिकारियों के बहिष्कार के चलते अटक गए.राजस्व सेवा परिषद के आह्वान पर प्रदेशभर में प्रशासन शहरों व गांवों के संग अभियान का बहिष्कार किया जा रहा है। सात सूत्री मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत है। सरकार ने उनकी मांगों को लेकर समझौता भी किया था, लेकिन सरकार ने समझौते के तहत मांगों को अब तक पूरा




नहीं किया है। सरकार जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है,तब तक सरकारी कार्यों के साथ ही अभियान का भी बहिष्कार किया जाएगा।

## शिविर में राजस्व सम्बंधित कार्य नही होने पर जेठाणा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम लिखा पत्र

**सागवाड़ा।** ग्राम पंचायत जेठाणा में शिविर में राजस्व कार्मिकों के नही आने से शिविर में राजस्व सम्बन्धित कार्य नही होने से ग्रामीणों एवम ग्राम पंचायत ने मुख्यमंत्री के नाम पत्र सौंपा। पत्र में बताया कि 2 अक्टूबर को प्रशासन गांवो के संग अभियान के तहत जिले के सभी ब्लॉक की अलग अलग ग्राम पंचायतो में प्रशासन गांवो के संग अभियान की शुरुआत हुई।

उक्त अभियान में जहां एक तरफ राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप राजस्व विभाग की प्रमुखता के साथ लम्बे समय से लंबित एवम राजस्व सम्बन्धित तकनीकी समस्याओं का निपटारे करने थे। राजस्व सेवा परिषद द्वारा पूर्व निर्णय अनुसार प्रशासन गांवो के संग व शहरों के संग का बहिष्कार किया गया है जिसकी वजह से सागवाड़ा के ग्राम पंचायत जेठाणा में शिविर में तहसीलदार, गिरदावर व पटवारी शिविर में अनुपस्थित रहे। राजस्व सेवा परिषद के घटक कर्मचारियों के शिविर में नहीं आने से शिविर में आमजन के राजस्व से सम्बंधित कार्य नही हो पाया। साथ ही पत्र में ग्रामीणों बताया कि राजस्व विभाग के कार्मिकों ने कोरोना काल में आमजन के लिए बहुत अच्छा कार्य किया है। ग्रामीणों ने राजस्व कार्मिको की मांगों का समर्थन करते हुवे सरकार से मांगे मान लेने हेतु आग्रह किया ।

## अवैध शराब के मामले में डीएसटी ने 3 जगह की कार्रवाई



**सागवाड़ा।** जिला स्पेशल पुलिस टीम ने शनिवार को अवैध शराब के खिलाफ तीन कार्रवाई को अंजाम दिया। डीएसटी ने तीनों ठिकानों से 21 कार्टन शराब बरामद कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर आसपुर व वरदा थाना पुलिस को सौंपा है।जिला स्पेशल पुलिस टीम के प्रभारी दिलीपदान ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर अवैध शराब की खिलाफ कार्रवाई की गई। हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, राजगोपाल, यशपालसिंह की टीम ने आसपुर थाना क्षेत्र में पूंजपुर गांव में प्रवीण कलाल के दुकान पर दबिश की कार्रवाई की। दुकान की आड़ में अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर बेचने का कारोबार कर रहा था। डीएसटी को तलाशी में 9 कार्टन शराब बरामद की है। आरोपी प्रवीण कलाल निवासी पूंजपुर को हिरासत में लेकर आसपुर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। इसके अलावा निहालपुरा निवासी भरत पुत्र कानजी रोत के कब्जे से 5 कार्टन अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त करते हुए आरोपी को हिरासत में लेकर आसपुर थान पुलिस को सौंप दिया। इसी तरह वरदा थाना क्षेत्र के नोखना गांव में हाकरचंद पुत्र लेम्बाजी रोत के घर पर कार्रवाई करते हुए उनके कब्जे से 7 कार्टन बीयर बरामद की गई है। डीएसटी ने आरोपी हाकरचंद को हिरासत में लेकर वरदा थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार करते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## वन्य जीव का आंतक, क्षेत्रवासियों में डर

**ओबरी।** उपतहसील मुख्यालय के हडपालिया मार्ग पर बीज भण्ड़ार गोदाम के पास शनिवार को एक व्यक्ति पर वन्य जीव ने हमला करने की कोशिश की। हो हल्ला होने एवं उस व्यक्ति ने अपनी समझदारी दिखाते हुए दौड़ कर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शी नागेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि वह अपने खेतो में गया था। वहां पर अपनी भैंस के पास एक छोटा पैंथर देख कर डर के मारे चिल्लाया तभी पैंथर ने हमला करने की कोशिश की। चौहान ने समझदारी दिखाते हुए चिल्लाया जिससे आस-पास के लोग इक्ट्ठा हो गए और उसने दौड़ लगा कर अपनी जान बचाई। लोगों के इक्ट्ठा होने से पैंथर जंगल में भाग गया। लोगों ने इसकी सुचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के कार्मिक आए और कुछ देर तक तलाश के बाद पैंथर का सुराग नहीं मिलने से वापस चले गए। मौके पर वसंतसिंह, बहादुरसिंह सहित आसपास के खेतों में काम कर रहे मजदूर मौजूद थे।

## हॉस्पिटल चौराहा पर 103 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगवाया

**सागवाड़ा।** नगरपालिका क्षेत्र में हॉस्पिटल चौराहा पर 103 फिट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगवाया गया। जिसका 2अक्टूबर गांधी जयंती पर शुभारंभ हुआ। हॉस्पिटल चौराहे पर मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष महंत अच्युतानंद महाराज पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोड़निया एसडीएम राजीव द्विवेदी और उपाध्यक्ष राजुमामा शेख के आतिथ्य में ध्वज का शुभारंभ हुआ। महंत अच्युतानंद महाराज ने राष्ट्रगान के साथ ध्वज को फहरा कर शुभारंभ किया। पालिका द्वारा लाख की लागत से इस ध्वज को लगवाया गया है ।



इस अवसर पर अतिथियो ने कहा कि इस ध्वज की भव्यता को देख कर लोगो के अंदर राष्ट्रप्रेम की भावना ओर मजबूत होगी। इस राष्ट्रीय ध्वज को पूरे सागवाड़ा में कही से देखा जा सकता है । इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष राजू मामा, ललित पंचाल, भरत भट्ट , नानू मकवाना, हरिश सोपमुरा, प्रभुलाल वाडेल, बंधु पाठक, ध्यानिलाल कंसारा, पार्षदगण व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## स्वच्छ भारत मिशन को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प

**सागवाड़ा।** भाजयुमो सागवाड़ा की ओर से शनिवार को स्वच्छता अभियान का आगाज किया या।

महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष में सेवा और समर्पण के तहत भाजयुमो जिलाध्यक्ष कल्पेश भारती के नेतृत्व में सागवाड़ा गलियागोट मोड रोड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। अमित टेलर ने बताया कि सागवाड़ा नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए साथ ही पीएम मोदी के स्वच्छ भारत मिशन को जन जन तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ताओ ने शपथ ली। वही महादेव मंदिर पर कार्यकर्ताओ द्वारा पूजा अर्चना कर अतिथियों द्वारा मंदिर परिसर में महिलाओं को तुलसी के पौधे वितरित किए गए। सागवाड़ा पंचायत समिति में




पौधरोपण भी किया गया तथा तालाब पर मछलियों को आटे की बनी गोलियां पानी में डाल कर पुण्य अर्जन किया। इस अवसर पर सागवाड़ा प्रधान ईश्वर चरपोटा, भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट, पूर्व प्रधान रेखा रोत, जिला महामंत्री देवीसिंह, दशरथ खटीक, वैभव पाटीदार, गौतम पाटीदार, सुरेंद्र नाथ, वनराज डामोर, माधवसिंह, सागवाड़ा भाजयुमो अध्यक्ष प्रियंक भसारिया, चिराग मेहता, किरिट जोशी,यश सुथार, विकास उपाध्यय मौजूद रहे।

## हाथी हुआ बेकाबू, दो घायल

**सरोदा।**

सागवाडा से साबला की ओर जा रहे हाथी के साथ चल रहे साधु संघ से रात्रि को हाथी बेकाबू होकर विश्राम स्थल से निकल गया। जिसे दूसरे दिन महावत ने सरोदा के डामोरवाडा में काबू किया। हाथी गुरुवार रात्रि को साधुओं के संघ के साथ था जो रात्रि विश्राम के समय बेक़ाबहो गया तथा चेन व रस्सियां को तोड़ कर जंगल मे भाग गया, साधुओं ओर महावत द्वारा जंगलों में पूरी रात ढूंढ़ा परन्तु कही मिला नही, वही अलसुबह वही हाथी सामलिया गांव मे घुस गया जहां खेतो तथा बाड़ो को तोड़ते हुए परकोटे को तोड़ कर गांव की गलियों में दौड़ने लगा जहां इसकी चपेट में आने पर सामलिया निवासी प्रदीप जोशी को तथा भेमजी पाटीदार घायल गो गए। दोनो घायलों को सागवाडा निजी अस्पताल ले जाया गया। हाथी के बेकाबू होने की खबर पर गाँव मे दहशत फैल गयी।डामोरवाडा में सुबह ग्रामीणों की मदद से महावत तथा साधुओं ने हाथी को काबू किया तथा अपने साथ ले गए।सूचना मिलने पर सरोदा चौकी से कांस्टेबल त्रिलोक पाल सिंह, तथा नागेन्द्र सिंह, सरपंच सरोदा पन्नलाल डोडियार, सरपंच सामलिया कमल प्रकाश डिण्डोर, उप सरपंच प्रवीण पण्डया, किशोर भट्ट, रणजीत सिंह सांखला, वजेंग पाटीदार, कान्तिलाल ननोमा, कविश, पंकज जोशी सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## बीजेपी के लिए रणधीर सिंह भींडर बने परेशानी

**उदयपुर।** वल्लभनगर विधानसभा उपचुनाव की तैयारियां शुरू हो गई है। टिकट को लेकर दावेदारों ने अब जयपुर में डेरा डाल लिया है।

कांग्रेस से दावेदार देवेंद्र शक्तावत, भीम सिंह चूंडावत, राजसिंह झाला और औंकारलाल मेनारिया जयपुर थे। अब वल्लभनगर से कांग्रेस की दावेदार प्रीति शक्तावत भी जयपुर पहुंच गई हैं। बीजेपी के लिए भी टिकट की माथापच्ची है। जनता सेना के रणधीर सिंह भींडर पर भी बीजेपी विचार कर रही है। रणधीर सिंह भींडर भी खुद शनिवार शाम तक जयपुर पहुंचेंगे। वल्लभनगर में त्रिकोणीय संघर्ष के चलते भाजपा का उच्च नेतृत्व रणधीर सिंह भींडर को टिकट देने पर भी विचार कर रहा है। वासुदेव देवनानी और डॉ. अल्का गुर्जर ने शुक्रवार को वल्लभनगर में भाजपा के दावेदारों से चर्चा की रिपोर्ट प्रदेश नेतृत्व को सौंप दी। मगर भाजपा नेतृत्व को यह मालूम है कि अगर भींडर जनता सेना से लड़ते हैं तो भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी कर सकते हैं। वहीं बीजेपी में भी दावेदारी को लेकर खींचतान के बीच कायम रहना मुश्किल है। वल्लभनगर में रणधीर सिंह भींडर और शक्तावत परिवार की अच्छी पकड़ है। ऐसे में भींडर को अगर बीजेपी से टिकट मिलता है तो इसका फायदा बीजेपी को हो सकता है।

## डूंगरपुर में 300 तो सागवाड़ा में 100 पट्टे बांटे

### प्रशासन शहरों के संग अभियान, सागवाड़ा में महंत अच्युतानंद महाराज ने बांटे पट्टे

**सागवाड़ा।** राज्य सरकार की ओर से 2 अक्टुम्बर शनिवार से प्रशासन शहर के संग अभियान का आगाज हुआ। सागवाड़ा नगर पालिका में महंत अच्युतानंद महाराज के मुख्य आतिथ्य में 100 लोगों को पट्टे जारी किए गए। नगरपालिका अधयक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने बताया कि 90ए के तहत 89, स्टेट ग्रांट के 10 और नामान्तरण के 10 पट्टे दिये गए। एसडीएम राजीव द्विवेदी ने अभियान के बारे में जानकारी दी। महंत अच्युतानंद महाराज ने कहां किजिसके पास घर नही है उसे घर देना यहीं नगर पालिका का काम है। महात्मा गांधी का भी यहीं उद्देश्य था कि दूसरों की पीड़ा को समझना और उसे दूर करना। जहां सेवा की बात हो वहां अहम न हो। अभियान के बिना जो कार्य किया जाता है वहीं सेवा। सागवाड़ा में कई नवाचार किये जा रहे है। सागवाड़ा शहर विकास कार्यों के लिए आने वाले समय में प्रदेश में उदाहरण प्रस्तुत करेगा। नगरपालिका अध्यक्ष




नरेंद्र खोडनिया ने कहां शहर में हो रहे विकास के लिए मैं शहरवासियों का ऋणी रहूंगा। भवन निर्माण स्वीकृति भी जल्द से जल्द जारी की जा रही है। खोडनिया ने कहा कि शहर में पीछले 8 माह में 10 करोड़ से अधिक के टेंडर जारी कर दिये है। अध्यक्ष ने कहा कि शहर के 25 वार्डों में नाली सड़क से जुड़े काम हो रहे है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में लगे प्री केंप शिविर में समस्याओं के निराकरण को लेकर शहरवासियों के प्रार्थना पत्र और आवेदन लिये गये थे, अब इस अभियान में उनका समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में हरीश सोमपुरा, बंधु पाठक, भरत भट्ट, नानु मोड पटेल, नानु मकवाणा, ध्यानीलाल कंसारा, चंद्रशेखर सिंघवी मौजूद रहे। राज्य सरकार के महत्वपूर्ण अभियान प्रशासन शहरों के संग अभियान का नगरपरिषद में जिला कलेक्टर सुरेश कुमार ओला,जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी,सभापति अमृत कलासुआ,आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित, उपसभापति सुदर्सशन जैन, समस्त पार्षद,परिषद कर्मचारी और शिविर में आये लाभार्थियों की मौजूदगी में शुरुवात हुई। अभियान के अंतरगर्त पहले ही दिन 300 पट्टे वितरित किये गए

## अभियान के पहले दिन पेंशन, चिकित्सा, सहकारिता, रोडवेज, और पंचायती राज से जुड़े काम हुए

### प्रशासन गांवों की संग अभियान, लोगों को मिली राहत

**डूंगरपुर।** 2 अक्टूबर, शनिवार से प्रारंभ हुए प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021 के प्रथम दिवस शिविरों में पहुंचे लोगों के हाथों-हाथ कार्य हुए तथा उन्हें राहत प्रदान की गई। शनिवार को पंचायत समिति डूंगरपुर के खेरवाड़ा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से कुल 33 लोगों को कोविड-19 वैक्सीनेशन किया गया वही 29 महिलाओं एवं 31 पुरुषों को उपचारित किया गया। शिविर में जन आधार नामांकन में 7 सदस्यों के नाम जोड़े गए वहीं 2 सदस्यों के नाम हटाए गए। आयुर्वेद विभाग से 12 मरीजों को परामर्श दिया गया वहीं 35 को औषधी देकर लाभान्वित किया गया। सहकारिता विभाग द्वारा पीएम किसान योजना के तहत 146 लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन किया गया वहीं रोडवेज विभाग द्वारा 12 पास




बनाए गए। शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत द्वारा तीन पट्टी जारी किए गए वहीं शौचालय हेतु 12 परिवारों को चिन्हित किया गया और दो नवीन जॉब कार्ड जारी किए गए। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन 1 व मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना में 3 जनों को लाभान्वित किया गया। पंचायत समिति गलियाकोट के सिलोही ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में 30 आबादी पट्टे, एक सार्वजनिक पट्टा, 10 जॉब कार्ड, चार जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, एक विवाह प्रमाण पत्र, एक श्रमिक कार्ड जारी कर लाभान्वित किया गया वही स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय के लिए 10 परिवारों को चिन्हित किया गया।

पंचायत समिति सागवाड़ा की ग्राम पंचायत जेठाना में आयोजित शिविर मे बापी पट्टा 25, जॉब कार्ड सत्यापन 50, पेंशन पीपीओ 3, जन्म प्रमाण पत्र 30 मृत्यु प्रमाण पत्र 61, श्रमिक कार्ड 87, पेंशन खाता में संशोधन 5, जन आधार नामांकन दो तथा जनाधार जानकारी 25 जनों को देकर लाभान्वित किया गया। पंचायत समिति दोवडा के ग्राम पंचायत पाल मांडव में बापी पट्टा 07, सामुदायिक पट्टा एक, जॉब कार्ड 12, पेंशन पीपीओ 8, जन्म प्रमाण पत्र दो, मृत्यु प्रमाण पत्र चार, विवाह पंजीयन 4 तथा 341 को श्रमिक कार्ड से लाभान्वित किया गया।

### सोमवार को यहां होंगे शिविर

जारी कार्यक्रम के अनुसार 04 अक्टूबर को ग्राम पंचायत पाल देवल, आंतरी, खडगदा, कांठडी, बांसिया, गामडी अहाडा, पचलासा छोटा, दरीयाटी एवं सेमलिया घाटा, सुजातलाई व धमात फला।